| प्रेस नोट–227 / 2026 |
| --- |
| दिनांक 26.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## उत्तर प्रदेश पुलिस रिक्रूट आरक्षियों का भव्य दीक्षांत समारोह सम्पन्न

- **26 अप्रैल 2026 को प्रदेश के कुल 112 प्रशिक्षण केंद्रों पर रिक्रूट आरक्षियों का भव्य दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ ।**
- **लखनऊ में 983 रिक्रूट महिला आरक्षियों की परेड आयोजित हुई।**
- **जिनता पसीना बहेगा, बाद के जीवन में उतना ही कम खून बहाने की नौबत आएगीः मा0 मुख्यमंत्री जी।**
- **60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्तीः वर्ष 2025 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह में सम्मिलित हुएः मा0 मुख्यमंत्री जी।**
- **मा0मुख्यमंत्री जी ने किया परेड का निरीक्षण, प्रशिक्षुओं का बढ़ाया हौसला ।**
- **कानून अपराधी के लिए जितना कठोर हो, नागरिकों के लिये उतना ही संवेदनशील होना चाहिएः मा0 मुख्यमंत्री जी।**
- **प्रशिक्षण 21 जुलाई 2025 से शुरू होकर आधुनिक पाठ्यक्रम, तकनीकी दक्षता, मानवाधिकार, महिला एवं बाल संवेदनशीलता और सॉफ्ट स्किल्स पर आधारित रहा।**
- **डिजिटल पहल जैसे 'यूपी पुलिस ट्रेनिंग पोर्टल', 'स्मार्ट पीटी प्रोग्राम' और 'मिशन कर्मयोगी' के माध्यम से प्रशिक्षण को आधुनिक एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ किया गया।**
- **महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए भर्ती में 20 प्रतिशत महिला भागीदारी सुनिश्चित की गई।**
- **लखनऊ में आयोजित दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु नेहा यादव, रिया सिंह कुशवाहा और सोनम को सम्मानित किया गया, जिसमें नेहा यादव को सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षु घोषित किया गया।**

आज दिनांक 26.04.2026 को उत्तर प्रदेश पुलिस के 60,244 रिक्रूट आरक्षियों का भव्य दीक्षांत समारोह प्रदेश के 10 पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों, 73 जनपदों की पुलिस लाइंस एवं 29 पीएसी बटालियनों सहित कुल 112 प्रशिक्षण केंद्रों पर एक साथ गरिमामय एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, लखनऊ में 983 महिला रिक्रूट आरक्षियों के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की गयी।

मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया तथा सलामी ली गई। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर प्रशिक्षु महिला आरक्षी नेहा यादव द्वारा किया गया, जिन्होंने उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन का परिचय दियझं

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

**मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी** ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती में चयनित उन सभी रिक्रूट आरक्षियों को, जिन्होंने नौ माह का व्यावसायिक प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत परेड में भाग लिया, हार्दिक बधाई दी। उन्होंने समस्त प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षकों के समर्पण एवं योगदान की सराहना भी की।

उन्होंने प्रशिक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जितना अधिक प्रशिक्षण में परिश्रम किया जाता है, उतना ही भविष्य में जोखिम कम होता है। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रशिक्षुओं, विशेषकर महिला आरक्षियों ने अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से पूर्व जहाँ पुलिस प्रशिक्षण क्षमता केवल 3,000 थी, वहीं अब 60,244 आरक्षियों का एक साथ प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया है। इस अवधि में 2.18 लाख से अधिक भर्तियाँ तथा 1 लाख से अधिक पदोन्नतियाँ भी की गईं, जिससे उत्तर प्रदेश पुलिस को देश के अग्रणी पुलिस बलों में स्थापित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिली है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए 'यूपी पुलिस ट्रेनिंग पोर्टल' के माध्यम से डिजिटल एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शारीरिक प्रशिक्षण को वैज्ञानिक बनाने हेतु 'स्मार्ट पीटी प्रोग्राम' लागू किया गया है तथा आधुनिक हथियारों से भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा एवं कानून–व्यवस्था में सुधार के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश पुलिस आज 'मॉडल' एवं 'स्मार्ट पुलिस' के रूप में स्थापित हो रही है। दंगों, माफिया गतिविधियों तथा अवैध वसूली पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के कारण अपराधियों में भय तथा पुलिस का मनोबल सुदृढ़ हुआ है।

नारी सशक्तिकरण के संदर्भ में उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में 20 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। पीएसी की तीन महिला बटालियनों (लखनऊ, गोरखपुर एवं बदायूं) का गठन किया गया है। साथ ही एटीएस एवं यूपी एसएसएफ का आधुनिकीकरण, 75 जनपदों में साइबर थानों की स्थापना तथा उ.प्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की स्थापना से पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है।

अंत में, उन्होंने नए पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून अपराधियों के प्रति जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी कर्मी पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

**पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 श्री राजीव कृष्ण** द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने 'विगत 9 वर्षों में' कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, आधुनिक तकनीक, पारदर्शी भर्ती और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित

की हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'वर्ष 2017 के पश्चात' पुलिस बल के आधुनिकीकरण, क्षमता वृद्धि और कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया गया है। इसी क्रम में पुलिस बल के विभिन्न स्तरों पर बड़े पैमाने पर भर्ती और प्रोन्नति की गई है।

पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा वर्तमान परिवेश और भावी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया। इसी के अनुरूप भर्ती आरक्षियों का आधारभूत प्रशिक्षण 'दिनांक 21 जुलाई 2025 से प्रारंभ किया गया'। चयनित अभ्यर्थियों के लिए राज्य के कुल 112 प्रशिक्षण केंद्रों पर व्यवस्था की गई।

माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रेरक मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश पुलिस ने ऐसा बहुआयामी, आधुनिक और उद्देश्यपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया है, जो प्रशिक्षुओं को पुलिसिंग के शाश्वत मूल्यों, शारीरिक क्षमता, अनुशासन, विधिक ज्ञान और संवेदनशीलता को सुदृढ़ बनाने के साथ–साथ भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप नवीनतम तकनीकी दक्षताओं से भी संपन्न करता है।

इसके साथ ही सॉफ्ट स्किल्स, मानवाधिकार और महिलाओं और बच्चों के प्रति संवेदनशीलता से जुड़े विशेष पाठ्यक्रमों को अनिवार्य बनाकर यह सुनिश्चित किया गया है कि यह रिक्रूट आरक्षी केवल कानून लागू करने वाले कार्मिक न बनें, बल्कि मानवीय मूल्यों के सशक्त प्रहरी के रूप में भी विकसित हों।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 ने प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षक स्टाफ के समर्पण और परिश्रम की सराहना करते हुये सभी प्रशिक्षकों और पर्यवेक्षक अधिकारियों को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल सेवा जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा रिक्रूट महिला आरक्षियों को शपथ दिलायी गयी।

परेड के सफल संचालन एवं प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर निम्नांकित रिक्रूट महिला आरक्षियों को **मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सम्मानित** कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

1–परेड कमाण्डर प्रथम रिक्रूट महिला आरक्षी कुमारी नेहा यादव
2–परेड कमाण्डर द्वितीय रिक्रूट महिला आरक्षी रिया सिंह कुशवाहा
3–परेड कमाण्डर तृतीस रिक्रूट महिला आरक्षी कुमारी सोनम

- अंन्तः विषय टापर कुमारी नेहा यादव
- वाह्य विषय टापर कुमारी सोनम
- सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षु पुरस्कार कुमारी नेहा यादव

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह, पुलिस कमिश्नर लखनऊ सहित पुलिस विभाग एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा गणमान्य अतिथिगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

| |
|---|
| प्रेस नोट–228 / 2026 |
| दिनांक 26.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद रायबरेली / थाना डलमऊ**

- **पुलिस कार्यवाही में 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 कंटेनर वाहन**
- **01 अवैध तमंचा मय खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 26.04.2026 को थाना डलमऊ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम भटनी हार के पास कंटेनर वाहन पर सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त नजमुद्दीन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे / निशादेही से 01 कंटेनर वाहन, 01 अवैध तमंचा मय खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना डलमऊ पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना डलमऊ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नजमुद्दीन निवासी सूफी टोला थाना मीरगंज जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1–01 कंटेनर वाहन।

2–01 अवैध तमंचा मय खोखा कारतूस।

**<u>जनपद उन्नाव/थाना कोतवाली सदर</u>**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 20 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली धातु के आभूषण**
- **चोरी के 01 लाख 75 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 26.04.2026 को थाना कोतवाली सदर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर इण्डियन ढाबा के आगे से 02 अभियुक्तों 1–कुलदीप 2–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 20 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली धातु के आभूषण, चोरी के 01 लाख 75 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपये चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–कुलदीप निवासी कचौडी वाली गली थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव।

2–अभियुक्ता।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 20 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली धातु के आभूषण।

2–चोरी के 01 लाख 75 हजार रूपये नगद आदि।

**<u>जनपद महराजगंज/थाना बरगदवा</u>**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **327.17 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद**

दिनांक 26.04.2026 को थाना बरगदवा, आबकारी, एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर एसएसबी रोड के पास से अभियुक्त रंजीत को गिरफ्तार

किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 327.17 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

इस सम्बन्ध में थाना बरगदवा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रंजीत निवासी घोघा कबलेशवा थाना गोपालपुर जनपद बेतिया(पश्चिमी चम्पारण) बिहार।

**बरामदगी**

1–327.17 किलोग्राम अवैध गांजा।

**जनपद मेरठ/थाना लोहियानगर**

- **11 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **11 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **12 अवैध मैगजीन पिस्टल .32 बोर**
- **02 अवैध बैरल .32 बोर**
- **भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 26.04.2026 को थाना लोहियानगर, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 1–असलम को गिरफ्तार किया गया, जिसकी निशादेही पर अभियुक्त 2–अलाउद्दीन 3–अनस 4–शक्ति 5–मुनीर 6–आरिश 7–शिवा 8–गुड्डू 9–वरूण उर्फ मन्नू 10–राजन 11–रजत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 11 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 12 अवैध मैगजीन पिस्टल .32 बोर, 02 अवैध बैरल .32 बोर, भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना लोहियानगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–असलम निवासी तम्बाकू गोदाम वाली गली थाना लिसाड़ीगेट जनपद मेरठ।

2–अलाउद्दीन निवासी समर गार्डेन थाना लिसाड़ीगेट जनपद मेरठ।

3–अनस निवासी बसेड़ा थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर, बिहार।

4–शक्ति निवासी ग्राम लदवाड़ी थाना बागपत जनपद बागपत।

5–मुनीर निवासी समर गार्डेन 60 फुटा थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ।

6–आरिश निवासी रंगीला वाली गली, समर गार्डेन थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ।

7–शिवा निवासी नीलकण्ठ हैवन्स कालोनी थाना टीपीनगर जनपद मेरठ।

8–गुड्डू निवासी इन्द्रानगर प्रथम थाना ब्रहमपुरी जनपद मेरठ।

9–वरूण उर्फ मन्नू निवासी ध्यानचन्द नगर सूर्यपुरम कालोनी दिल्ली रोड थाना ब्रहमपुरी जनपद मेरठ।

10–राजन निवासी दयाशंकर कालोनी थाना ब्रहमपुरी जनपद मेरठ।

11–रजत निवासी रिठानी थाना परतापुर जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–11 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–12 अवैध मैगजीन पिस्टल .32 बोर ।

3–02 अवैध बैरल .32 बोर।

4–भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना नॉलेज पार्क

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 35 लाख रूपये कीमत की 237 पेटी अवैध शराब**
- **घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद**

दिनांक 25.04.2026 को थाना नॉलेज पार्क व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त लाखाराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 35 लाख रूपये कीमत की 237 पेटी अवैध शराब, घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद हुआ।

इस सम्बन्ध में थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–लाखाराम निवासी कानासर गोलाई, थाना शिव जनपद बाड़मेर, राजस्थान।

**बरामदगी**

1–लगभग 35 लाख रूपये कीमत की 237 पेटी अवैध शराब।

2–घटना में प्रयुक्त ट्रक।

————————